पत्र सं०–17 / नोडल (iGOT)–06–01 / 2024– 5595

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

प्रेषक,

मनीष आनंद,
अवर सचिव (प्रबंधन)–सह–नोडल पदाधिकारी (iGOT)
जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी अभियंता प्रमुख / सभी मुख्य अभियंता /
सभी संयुक्त सचिव / अधीक्षण अभियंता /
सभी उप सचिव / कार्यपालक अभियंता /
सभी अवर सचिव /
जल संसाधन विभाग, बिहार।

/ पटना, दिनांक– 24/9/2026

विषय :– **iGOT Platform पर उपलब्ध कोर्सेज के संबंध में।**

प्रसंगः– **विभागीय पत्रांक–5117 दिनांक–03.09.2026, पत्रांक–5570 दिनांक–23.09.2026 तथा सामान्य प्रशासन विभाग का पत्रांक–16225, दिनांक–02.09.2026।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में **iGOT Platform** पर उपलब्ध एआई टूल के माध्यम से विभागान्तर्गत सभी तकनीकी पदाधिकारियों / अभियंताओं तथा क्षेत्रीय स्तर के लिपकीय संवर्ग के कर्मियों के लिए पदवार कोर्सेज चिन्हित करते हुए लाइव **(Live)** किया गया है। उक्त लाइव **(Live)** कोर्सेज में से कोई एक कोर्स प्रति सप्ताह स्वैच्छिक रूप से पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया है।

विदित हो कि **iGOT** कर्मयोगी प्लेटफार्म पर बिहार राज्य के ऑन बोर्डिंग की संख्या संतोषजनक है परन्तु कोर्स **Completion** की संख्या बहुत ही कम रहने के कारण राज्यों के रैंकिंग में बिहार निम्नतर स्तर पर है। इस पर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी है।

अतः अनुरोध है कि स्वयं एवं अधीनस्थ पदाधिकारियों / अभियंताओं / कर्मियों द्वारा सितंबर माह में अबतक कुल कितने कोर्स पूर्ण किए गए है, से संबंधित प्रतिवेदन अविलंब उपलब्ध कराने की कृपा की जाए, साथ ही आगामी माह से सभी संबंधितों को प्रति माह एक कोर्स पूर्ण करने हेतु निदेशित करते हुए माहवार प्रतिवेदन उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

अनु० :– यथोक्त।

विश्वासभाजन
M.A.S. 23/09/26
(मनीष आनंद)
अवर सचिव (प्रबंधन)
–सह–नोडल पदाधिकारी, (iGOT)

ज्ञापांक– 17 / नोडल (iGOT)–06–01 / 2024– 5595 / पटना, दिनांक– 24/9/2026

प्रतिलिपि :–कार्यपालक अभियंता, सूचना प्रावैधिकी केन्द्र, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड एवं ई–मेल करवाने हेतु प्रेषित।

अनु० :– यथोक्त।

M.A.S. 23/09/26
अवर सचिव (प्रबंधन)
–सह–नोडल पदाधिकारी (iGOT)

पत्र सं०–17/नोडल (iGOT)–06–01/2024– 5/17

L291

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

प्रेषक,

मनीष आनंद,
अवर सचिव (प्रबंधन)–सह–नोडल पदाधिकारी (iGOT)
जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी अभियंता प्रमुख,
सभी मुख्य अभियंता,
जल संसाधन विभाग, बिहार।

/पटना, दिनांक– 03/9/2026

विषय :– **सभी तकनीकी पदाधिकारियों को iGOT Platform पर चिन्हित कोर्सेज में से कोई एक कोर्स प्रति सप्ताह स्वैच्छिक रूप से पूर्ण करने के संबंध में।**

प्रसंगः– **सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–11968 दिनांक–06.07.2026।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में **iGOT Platform** पर उपलब्ध एआई टूल के माध्यम से विभागान्तर्गत सभी तकनीकी पदाधिकारियों यथा अभियंता प्रमुख से लेकर कनीय अभियंता तक के पदो के लिए **iGOT** पोर्टल पर पदवार कोर्सेज चिन्हित करते हुए लाइव **(Live)** किया गया है।

उक्त कोर्सेज को तीन दक्षताओं यथा **Behavioral Competencies, Functional Competencies** एवं **Domain Competencies** में विभाजन करते हुए पदवार कोर्सेज को चिन्हित किया गया है। विभागान्तर्गत सभी तकनीकी पदाधिकारियों/अभियंताओं के सर्वांगीण विकास/क्षमता संवर्धन हेतु उक्त कोर्सेज को **iGOT Platform** पर लाइव **(Live)** किया गया है।

अतः अनुरोध है कि स्वयं एवं अधीनस्थ पदाधिकारियों/अभियंताओं (कनीय अभियंता तक) को **iGOT Platform** पर लाइव **(Live)** कोर्सेज में से कोई एक कोर्स प्रति सप्ताह स्वैच्छिक रूप से पूर्ण करने हेतु निदेशित करने की कृपा की जाय।

अनु० :– पदवार Live कोर्सेज की सूची।

विश्वासभाजन
03/09/26
(मनीष आनंद)
अवर सचिव (प्रबंधन)
–सह–नोडल पदाधिकारी, (iGOT)

ज्ञापांक– 17/नोडल (iGOT)–06–01/2024– 5/17 /पटना, दिनांक– 03/9/2026

प्रतिलिपि :–कार्यपालक अभियंता, आई० टी०, सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करवाने हेतु प्रेषित।

2. आई० टी० मैनेजर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को संबंधित पदाधिकारियों/अभियंताओं को ई–मेल करवाने हेतु प्रेषित।

अनु० :– पदवार Live कोर्सेज की सूची।

03/09/26
अवर सचिव (प्रबंधन)
–सह–नोडल पदाधिकारी (iGOT)

E:\2025 Year\Nodel file\iGOT\Letter.docx14

1353

पत्र सं०–17/नोडल (iGOT)–06–01/2024– 5570

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

प्रेषक,

मनीष आनंद,
अवर सचिव (प्रबंधन)–सह–नोडल पदाधिकारी (iGOT)
जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी अभियंता प्रमुख,
सभी मुख्य अभियंता,
जल संसाधन विभाग, बिहार।

/पटना, दिनांक– 23/9/2026

विषय :– **क्षेत्रीय स्थापना के लिपकीय संवर्ग के सभी कर्मियों को iGOT Platform पर चिन्हित कोर्सेज में से कोई एक कोर्स प्रति सप्ताह स्वैच्छिक रूप से पूर्ण करने के संबंध में।**

प्रसंगः– **सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–11968 दिनांक–06.07.2026।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में **iGOT Platform** पर उपलब्ध एआई टूल के माध्यम से विभागान्तर्गत क्षेत्रीय स्थापना के लिपकीय संवर्ग के सभी कर्मियों के लिए **iGOT Platform** पर पदवार कोर्सेज चिन्हित करते हुए लाइव **(Live)** किया गया है।(छायाप्रति संलग्न)

अतः अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ परिक्षेत्राधीन क्षेत्रीय स्थापना के लिपकीय संवर्ग के सभी कर्मियों को **iGOT Platform** पर लाइव **(Live)** कोर्सेज में से कोई एक कोर्स प्रति सप्ताह स्वैच्छिक रूप से पूर्ण करने हेतु निदेशित करने की कृपा की जाय।

अनु० :– पदवार Live कोर्सेज की सूची।

विश्वासभाजन
(हस्ताक्षर) 22/09/26
(मनीष आनंद)
अवर सचिव (प्रबंधन)
–सह–नोडल पदाधिकारी, (iGOT)

ज्ञापांक– 17/नोडल (iGOT)–06–01/2024– 5570 /पटना, दिनांक– 23/9/2026

प्रतिलिपि :–कार्यपालक अभियंता, सूचना प्रावैधिकी केन्द्र, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड/ई–मेल करवाने हेतु प्रेषित।

अनु० :– पदवार Live कोर्सेज की सूची।

(हस्ताक्षर) 22/09/26
अवर सचिव (प्रबंधन)
–सह–नोडल पदाधिकारी (iGOT)

पत्रांक–18/प्रशि0–01–05/2026 सा0 प्र0 16225/

बिहार सरकार
सामान्य प्रशासन विभाग

प्रेषक,

समरेश कुमार सिन्हा,
सरकार के अवर सचिव

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव,
सभी विभाग, बिहार
सभी प्रमंडलीय आयुक्त,
बिहार।
अपर मिशन निदेशक,
बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान,
पटना/गया।
सभी जिला पदाधिकारी,
बिहार।

पटना–15, दिनांक 7.9.26

विषय :– iGOT कर्मयोगी प्लेटफार्म पर राज्य की रैंकिंग के संबंध में।

प्रसंग :– सामान्य प्रशासन विभाग का पत्रांक–23930 दिनांक–24.12.2025, 2479 दिनांक–03.02.2026 एवं 3339 दिनांक–17.02.2026

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक के संबंध में कहना है कि कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार के अन्तर्गत कर्मयोगी भारत के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी द्वारा मुख्य सचिव, बिहार को iGOT कर्मयोगी प्लेटफार्म के उपयोग के संबंध में विभिन्न राज्यों के रैंकिंग के साथ सूचना प्रेषित की गयी है, जिसमें बिहार का रैंक काफी नीचे प्रदर्शित किया गया है। इसके लिये उच्च स्तर पर इस मामले पर चिन्ता व्यक्त की गयी है।

प्रासंगिक पत्र के माध्यम से iGOT पोर्टल पर अधिक से अधिक प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा दूसरे विभाग के साथ पंजीकृत पदाधिकारियों/कर्मियों को संबंधित विभाग में लाने हेतु आवश्यक कार्रवाई किये जाने का अनुरोध किया गया है, परन्तु फलाफल संतोषजनक नहीं है।

विदित हो कि बिहार राज्य के ऑन बोर्डिंग की संख्या संतोषजनक है परन्तु iGOT कर्मयोगी प्लेटफार्म पर कोर्स Completion की संख्या बहुत ही कम रहने के कारण राज्यों के रैंकिंग में बिहार निम्नतर स्तर पर है। इस पर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी है।

sao-18-2026-LSk/Ltr/N

सचिव
जल संसाधन विभाग
डायरी सं० 8019
दिनांक 07/09/26

विशेष सचिव, कोषांग
डायरी सं० 2124
दिनांक 08/9/26
जल संसाधन विभाग
बिहार, पटना

अवर सचिव (प्र०) कोषांग
का पत्र डायरी संख्या 318 दिनांक 08/09/2
जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना

सचिव का कार्यालय
07 SEP 2026
जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना

अनुरोध है कि iGOT से अधिक से अधिक प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा दूसरे विभाग के साथ पंजीकृत पदाधिकारियों/कर्मियों को संबंधित विभाग में लाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाय, ताकि राज्यों की रैंकिंग को बेहतर किया जा सके।

विश्वासभाजन

02.09.26

सरकार के अवर सचिव